बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम के वित्तीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही

File No.-BMSIC/75030/07-2020/ NIT No.-BMSICL/Infra/09/2020

आज दिनांक 13/11/2020 को प्रबंध निदेशक, BMSICL की अध्यक्षता में वित्तीय निविदा समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित हुएः–

(1) श्री प्रदीप कुमार झा, भा.प्र.से., प्रबंध निदेशक–सह–अध्यक्ष वित्तीय निविदा समिति, BMSICL, Patna

(2) श्री विनोद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, परियोजना, BMSICL, Patna

(3) श्री शमीम अहमद, महाप्रबंधक, परियोजना, BMSICL, Patna- विशेष आमंत्रित सदस्य

(4) श्री रवीश किशोर, वरीय उपसमाहर्ता, प्रतिनिधि कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति

(5) श्री संजीव रंजन, महाप्रबंधक, परियोजना एव निरूपण,BMSICL, Patna

(6) श्री रमेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक, वित्त, BMSICL, Patna

(7) श्री विकास कुमार झा, उपमहाप्रबंधक, निरूपण, BMSICL, Patna

इस बैठक में निम्न कार्य के वित्तीय निविदा पर विचार–विमर्श किया गयाः–

1. **कार्य का नामः– राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जिला अस्पताल, मधुबनी को मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित करने का निर्माण कार्य (निविदा सूचना संख्या –09/2020, ग्रुप 05, बी.ओ.क्यू. राशि 24,36,03,090.00/–प्रशासनिक स्वीकृति की राशि 25,48,97,000.00/–)**:–इस कार्य हेतु निविदा सूचना संख्या BMSICL/Infra/09/2020, दिनांक–20/04/2020 के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें कुल पाँच निविदाएँ प्राप्त हुई।

तकनीकी निविदा समिति की बैठक दिनांक 11/09/2020 (कार्यवाही अनुलग्न) में इस कार्य हेतु पाँच मे से चार निविदादाताओं की निविदा को Responsive मानते हुए वित्तीय निविदा खोलने की अनुशंसा की गई, उक्त के आलोक में दिनांक 22/09/2020 को संवेदक की वित्तीय निविदा ई–प्रोक के वेबसाईट पर खोली गई।

वित्तीय निविदा खोले जाने के पश्चात संलग्न तुलनात्मक विवरणी के आधार पर इस कार्य के प्रथम न्यूनतम निविदादाता **Krishna Kant Thakur, Darbhanga** का दर Schedule Item हेतु परिमाण विपत्र से 10.00% कम यथा रूपये 14,61,34,763.10 (चौदह करोड़ एकसठ लाख चौतीस हजार सात सौ तिरेसठ रूपया दस पैसा मात्र) तथा गैर अनुसूचित मद हेतु 5,27,42,800.00 (पाँच करोड़ सताईस लाख बयालीस हजार आठ सौ रूपया मात्र) यथा कुल 19,88,77,563.10 (उन्नीस करोड़ अठ्ठासी लाख सतहत्तर हजार पाँच सौ तिरेसठ रूपया दस पैसा मात्र) है, जो बी.ओ.क्यू. की कुल राशि से 18.35% (Eighteen Point Three Five Percent) कम है।

4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288
www.bmsicl.gov.in

निर्णय– इस कार्य हेतु प्रथम न्यूनतम निविदादाता Krishna Kant Thakur, Darbhanga द्वारा उद्धत राशि रू0 19,88,77,563.10 (उन्नीस करोड़ अठ्ठासी लाख सतहत्तर हजार पाँच सौ तिरेसठ रूपया दस पैसा मात्र) है, जो बी.ओ.क्यू. की कुल राशि से 18.35% (Eighteen Point Three Five Percent) कम है, पर कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया।

उपर्युक्त वर्णित कार्य के संबंध में समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि वित्तीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय/e-proc के वेबसाईट पर अपलोड किया जाए एवं दिनांक 30/11/2020 के अपराहन 5 बजे तक उपर वर्णित निविदा से संबंधित किसी प्रकार के अभ्यावेदन/आपत्ति प्राप्त होती है तो पुनः वित्तीय निविदा समिति के समक्ष रखी जाए। निर्धारित तिथि एवं समय तक कोई अभ्यावेदन/आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकती है।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

अनुलग्नक 1–संबंधित तकनीकी निविदा समिति की कार्यवाही।
अनुलग्नक 2–वित्तीय निविदा एवं तुलनात्मक विवरणी।

13/11/2020
(विकास कुमार झा)
उपमहाप्रबंधक, (निरू.)
BMSICL, Patna

Ramesh 13.11.20
(रमेन्द्र कुमार)
महाप्रबंधक, (वित्त)
BMSICL, Patna

13.11.2020
(संजीव रंजन)
महाप्रबंधक, (परि. एवं निरू.)
BMSICL, Patna

(Ab)
(रवीश किशोर)
वरीय उपसमाहर्ता
राज्य स्वास्थ्य समिति

13/11/2020
(शमीम अहमद)
महाप्रबंधक, (परियोजना)
BMSICL, Patna

13/11/2020
(विनोद कुमार)
मुख्यमहाप्रबंधक (परियोजना)
BMSICL, Patna

13.11.2
(प्रदीप कुमार झा, भा.प्र.से.)
प्रबंध निदेशक
BMSICL, Patna